Need to establish a central university in Jamui Parliamentary Constituency, Bihar.-laid

श्री अरुण भारती **(जमुई) :** मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र जमुई की ओर आकृष्ट करना चाहता हूँ, जो नीति आयोग द्वारा चिह्नित एक अत्यंत महत्वपूर्ण आकांक्षी जिला (Aspirational District) है । मेरा क्षेत्र जमुई, मुंगेर और शेखपुरा जिलों के एक विशाल भू-भाग और आबादी का प्रतिनिधित्व करता है ।बिहार के अन्य क्षेत्रों जैसे समस्तीपुर,नालंदा,पूर्वी चंपारण और गया में केंद्रीय विश्वविद्यालय या राष्ट्रीय स्तर के शिक्षण संस्थान स्थापित हैं, जिससे वहाँ शैक्षिक और आर्थिक विकास को गति मिली है । परन्तु, जमुई जैसा ऐतिहासिक और सामाजिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र आज भी उच्च शिक्षा के एक केंद्रीय केंद्र से वंचित है । गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अभाव में यहाँ के प्रतिभाशाली छात्रों को दिल्ली या अन्य राज्यों में पलायन करना पड़ता है, जो यहाँ के गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए आर्थिक रूप से संभव नहीं है । चूँकि सरकार आकांक्षी जिलों के सर्वांगीण विकास पर विशेष जोर दे रही है, अतः मेरा माननीय शिक्षा मंत्री जी से विनम्र अनुरोध है कि क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करने के लिए जमुई में एक केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना की जाए । यह विश्वविद्यालय न केवल जमुई, बल्कि मुंगेर, शेखपुरा और आसपास के पिछड़े क्षेत्रों के युवाओं के लिए वरदान साबित होगा और विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करने में सहायक होगा ।